मुख्यमंत्री सचिवालय

....

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 29/09/2021

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति- 490/2021
29 सितंबर 2021
जगुआर हेडक्वार्टर,रांची
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज रांची के सुकुरहुटू स्थित जगुआर हेडक्वार्टर पहुंचकर नक्सली हमले में शहीद हुए जगुआर के डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार के पार्थिव शरीर को नमन किया तथा पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से शहीद के आत्मा को शांति प्रदान कर परिजनों को इस दु:ख की घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

मौके पर सांसद श्री संजय सेठ, राज्य के मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, डीजीपी श्री नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे सहित कई अन्य अधिकारियों ने भी शहीद कमांडेंट राजेश कुमार को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री ने शहीद कमांडेंट राजेश कुमार की पत्नी एवं पुत्र सहित अन्य स्वजनों से मुलाकात की तथा उन्हें सांत्वना दी।

###

=======================

#Team PRD(CMO)